### एक नजर में

## दादू महाराज संस्थान में गुरु पूर्णिमा उत्सव 10 को



इंदौर . डॉ . दादू महाराज संस्थान द्वारा परंपरागत रूप से मनाया जाने वाला गुरु पूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ 10 जुलाई को आयोजित किया जाएगा . यह आयोजन शहर के प्रतिष्ठित गांधी हॉल में संध्या 6 बजे से देर रात तक संपन्न होगा . संस्थान के राम मूंदड़ा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की शुरुआत संध्या 5 .30 बजे होगी, जब शिष्यों द्वारा ढोल-नगाड़ों और भव्य शोभायात्रा के साथ विशेष रथ पर गुरुदेव का नगर भ्रमण कराया जाएगा . जिसके पश्चात नए शिष्यों को नामदान ( गुरु मंत्र ) भी दिया जाएगा . मुख्य कार्यक्रम में गुरु पाद पूजन, गुरु दीक्षा, तथा प्रवचन सहित कई आध्यात्मिक गतिविधियाँ सम्मिलित होंगी . उत्सव की शोभा बढ़ाने के लिए मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक मोनू राठौर तथा बालाजी टेलीफिल्म्स के लोकप्रिय कोरियोग्राफर शशि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे . मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित अनेक शिष्य विदेश से भी इंदौर उत्सव में शामिल होने के लिए आ रहे है .

## बाबासाहेब तराणेकर को महायोग भूषण पुरस्कार



इंदौर . नाना महाराज तराणेकर संस्थान के प्रमुख डॉ बाबासाहेब तराणेकर को इस वर्ष प्रतिष्ठित महायोग भुषण पुरस्कार सन्मान पुणे स्थित लोकनाथ तिर्थ स्वामी महाराज महायोग ट्रस्ट द्वारा विश्व योग दिवस कार्यक्रम के अवसर पर पुणे में प्रदान किया गया . यह सम्मान डॉ बाबासाहेब तराणेकर को उनके द्वारा किये गये गीता, योग तंत्र, तथा पर्यावरण मनोविज्ञान संबंधित विशेष शोधकार्य तथा शोध पत्र प्रकाशन के लिये दिया गया . उनके मार्गदर्शन मे अनेक शोधकर्ताओ ने पीएच .डी .उपाधी प्राप्त की है . इससे पुर्व मे यह प्रतिष्ठित सन्मान आचार्य पद्मश्री गणेश शास्त्री द्रविड तथा विशिष्ट वैदिक विद्वानोको पुणे मे दिया गया है .

## त्रिवेणी धाम आश्रम निर्माण के लिए भूमि पूजन



इंदौर . त्रिवेणी धाम जयपुर के एक नवीन आश्रम का निर्माण तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में होगा, जिसमें साधकों और तीर्थ यात्रियों के लिए 100 कमरों का भव्य भवन, दिव्य मंदिर, वृहद सत्संग सभागृह, आध्यात्मिक उद्यान एवं अन्य आवश्यक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी . नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ब्रह्म पीठाधीश्वर स्वामी नारायण देवाचार्य की सूक्ष्म उपस्थिति एवं खोजी देवाचार्य स्वामी रामरिछपाल दास महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इस आश्रम का भूमि पूजन किया . देश की आध्यात्मिक राजधानी कहे जाने वाली तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में मंगलवार को आयोजित इस भूमि पूजन में विधायक नारायण पटेल, बड़वाह न .पं . के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सेंधवा नगर परिषद अध्यक्ष बसंती देवी यादव, खंडवा जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल तोमर, चतर्भुज अग्रवाल, बाबूलाल केली वाले, रघुवीर पटेल तथा त्रिवेणी धाम इंदौर से जुड़े सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे . प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सत्यनारायण गोयल, गोपाल जोशी, ओमप्रकाश नरेड़ा, ओम अग्रवाल, रमेश शर्मा, हुकमचंद गोयल आदि ने किया . त्रिवेणी धाम आश्रम के सचिव रमेश शर्मा ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही आश्रम की योजना को मूर्त रूप देने का काम शुरु किया गया है . संचालन दिनेश दवे ने किया . इस मौके पर अनेक भक्तों ने आश्रम के निर्माण में अपनी ओर से हाथों हाथ सहयोग करने के अनेक संकल्प व्यक्त किए .

## माता-पिता की स्मृति में पौधारोपण



इन्दौर . संस्था मालीबा बिंजवा के द्वारा माता-पिता की स्मृति में एवं अनिल पिपलोदिया के जन्मदिवस के अवसर पर टिगरिया बादशाह रोड़ पर वृक्षारोपण किया गया, जिसमें अनेकों फलदार, छायादार वृक्ष रोपे गये . इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा मोनी बाबा मण्डल के उपाध्यक्ष श्री वीरू सेन एवं संस्था अध्यक्ष मुकुल पुष्पाकर, डॉ . एन .एल . बिंजवा, परमानंद पुष्पाकर, गणेश बिंजवा, अभिषेक पुष्पाकर, पियूष पुष्पाकर, गोविंद बिंजवा एवं अन्य परिवारजन उपस्थित थे .

## समाजसेवी वाघमारे का अभिनंदन समारोह आयोजित



इंदौर . स्वयं के लिए तो हर कोई जीता है, दूसरो के लिए जीना बड़ा कठिन है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम वाघमारे के 81वें जन्मदिवस पर आयोजित सार्वजनिक अभिनंदन समारोह में इनकम टैक्स ट्रिब्युनल भारत शासन के न्यायिक सदस्य पीएम जोशी ने मुख्य अतिथि बतौर कहीं . आयोजन एक निजी होटल में संपन्न हुआ . अध्यक्षीय उद्बोधन में राष्टीय कवि डॉ . राजीव शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ समाजसेवी श्री वाघमारे डीआरडीओ रक्षा मंत्रालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रहे और उनकी सेवाएं आज भी याद की जाती है . ऐसे व्यक्तिव का सार्वजनिक अभिनंदन किसी उत्सव से कम नही है . लेखक प्रवीण जोशी ने कहा कि श्री वाघमारे इस अवस्था में भी शारीरिक और मानसिक रूप से फिट है, जो हम सबके लिए प्रेरक है . डॉ . नितिन शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा जागरुकता फैलाने में सबसे आगे है श्री वाघमारे . डॉ . शैलेंद्र भंडारी, विजय पारेख, डॉ . सुरेंद्र दिल्लीवाल, इंदरसिंह ठाकुर ने वाघमारे को जनहितैषी बताते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की . अपने सम्मान में वाघमारे ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज सेवा मेरे संस्कारों में है, जब तक जीवन है मैं इस धर्म को निभाते रहुंगा . अतिथि स्वागत विजय पारेख, चंद्रकांत, सूर्य कांत, भीमराव मेश्राम ने किया । संचालन किया प्रीति दुबे ने . आभार माना मीनाक्षी वाघमारे ने .

**नवभारत**

महू में नवभारत की अखबार प्रति समाचार व विज्ञापन के लिए

सम्पर्क करें :-

ब्रजेश अमोनिया

9131399132

# पुण्योदय से ही धर्म आराधना का लाभ मिलता है : श्रुतमुनि

## उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज का चार्तुमासिक प्रवेश भव्य मंगल जुलूस

**इंदौर. स्थानकवासी जैन श्रावक संघ ट्रस्ट के अन्तर्गत उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज का चार्तुमासिक प्रवेश भव्य मंगल जुलूस के साथ पोरवाल पैलेस जंगमपुरा से महावीर भवन, इमली बाजार पहुंचा. मंगल जुलूस में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाऐं शामिल हुई. चार्तुमास प्रवेश में चैन्नई, बेंगलोर, मैसूर, मुम्बई, सूरत, जलगांव, मालेगांव, जालना, अहमदनगर, सिरपुर आदि नगरों से बड़ी संख्या में श्रध्दालुजन आए.**

जुलूस मालगंज, सीतलामाता बाजार, गोराकुण्ड, खजूरी बाजार, राजवाड़ा होता हुआ। महावीर भवन पहुंचा. अचल चौधरी, महामंत्री रमेश भंडारी, डिपीन जैन, संयोजक प्रकाश भटेवरा, हेमन्त बोहरा, जिनेश्वर जैन आदि ने गुरुदेव की आगवानी की.

प्रमोद मुनि अभिग्रहधारी, राजेश मुनि महाराज, तेरापंथ धर्म संघ के अर्हत मुनिजी महाराज एवं साध्वी मंडल का पदार्पण हुआ. धर्म सभा के श्रुतमुनि महाराज ने कहा कि जिनका पुण्य प्रबल होता



है उन्हें चातुर्मास में धर्म आराधना का लाभ मिलता है. जीवन में चातुर्मास के महत्व को बताते हुए कहा कि चातुर्मास संजीवनी के समान है.

अक्षर मुनि महाराज ने कहा कि चातुर्मास भाग्य को संवारने आते है. मुनष्य का जन्म भाग्य है, पांच इन्द्रीय जैन धर्म मिलना सौभाग्य है, फिर भी हमने अपने भाग्य और सौभाग्य का जीवन में उपयोग नहीं किया तो वह दुर्भाग्य है.

तेरापंथ गुरु अर्हत मुनि महाराज ने कहा कि यह चातुर्मास हमें यह प्रेरणा दे रहे है कि हमें आपका जीवन का निर्माण कैसे करना है। बुराईयों को नहीं अपनाना है. अभिग्रहधारी राजेश मुनि जी महाराज ने भी एक सुन्दर प्रसंग के माध्यम से चातुर्मास में जीव हिंसा, त्याग, तप साधना करने कि प्रेरणा दी.

### त्याग के साथ धर्म अराधना करें

संघ के कार्याध्यक्ष अचल चौधरी ने संघ कि ओर से सभी का स्वागत करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या से धर्मआराधना करें . महामंत्री रमेश भंडारी ने कहा कि गुरूदेव बारह सो किलो मीटर दूर से विहार कर इन्दौर पधारें है, हमारा भी दायित्व बनता है कि हम इस चतुर्मास में त्याग, तप, तपस्या के साथ धर्म आराधना करें . मंगल जुलूस का संचालन स्थानकवासी युवक संघ के रितेश कटकानी के संयोजन में पूरी टीम ने किया . जुलूस में दिपक जैन टीनू, रखब चंद कोटावाले, पदम तांतेड़, महेन्द डागरिया, राजेन्द्र महाजन, विनोद पोरवाल, सुविधि जवेरी, बाबूलाल पोरवाल, छगनलाल पोरवाल, अभय भटेवरा, राजकुमार पंजाबी, गजेंद्र तांतेड़, अशोक मंडलीक, सुनीता छजलानी आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे . धर्मसभा का संचालन मुख्य संयोजक- प्रकाश भटेवरा ने किया . आभार हेमन्त बोहरा ने माना .

# हुकुमचंद मिल के बुजुर्ग मजदूर का भावुक धन्यवाद

## महापौर को बताया जीवन का कृष्ण

**इंदौर. तीन दशक से अधिक समय तक अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे हुकुमचंद मिल के मजदूरों को जब आखिरकार न्याय मिला, तो उनके दिल से दुआएं निकलीं. यह केवल प्रशासनिक जीत नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ा एक ऐतिहासिक पल बन गया.**

मंगलवार शाम सदर बाजार क्षेत्र में उस समय एक बेहद भावुक दृश्य देखने को मिला, जब एक लगभग 30 वर्षीय युवक ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मिलकर उन्हें झुककर नमस्कार किया और कहा आप हमारे जीवन में कृष्ण बनकर आए हैं. महापौर इस बात को सुनकर मुस्कुराए और युवक से पूछा- यह तो आपका स्नेह है, लेकिन ऐसा क्या हुआ जो आप मुझे यह उपाधि दे रहे हैं. युवक ने तुरंत अपना मोबाइल फोन निकाला और अपने 80 वर्षीय दादा को कॉल कर महापौर से बात करवाई.



फोन पर बुजुर्ग ने भावुक स्वर में कहा आपके प्रयासों से मुझे मेरे जीवन के अंतिम पड़ाव पर मेरी मेहनत की कमाई मिल गई.

इसके लिए मैं आपका दिल से धन्यवाद देता हूँ. बहुत समय से आपको धन्यवाद कहना चाहता था, लेकिन उम्र और अस्वस्थता के कारण नहीं आ सका। आज आपसे बात करके मन को शांति मिली. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बुजुर्ग को फोन पर प्रणाम किया और विनम्रता से कहा यह आपका अधिकार था, और मैं सिर्फ माध्यम बना हूँ. अधिकार दिलाना मेरा कर्तव्य है.

बुजुर्ग मजदूर ने भावुक होकर महापौर को आशीर्वाद दिया और कहा कि उन्होंने जो वर्षों से अधूरी आशा थी, उसे साकार कर दिया.

# आराधना भवन निर्माण करने वाले सौभाग्यशाली : अमित गुणा

## पार्श्व कल्प तरु धाम में छाया उल्लास

**इंदौर**. पश्चिम क्षेत्र के हाईलिंक सिटी में श्वेतांबर जैन समाज जनों का जमावड़ा शुरू हो गया है, यहां पार्श्व कल्पतरु धाम में 4 मंजिला भव्य अमित आराधना भवन सवा साल के रिकॉर्ड समय में बन कर तैयार हो चुका है. 5 जुलाई को भव्य लोकार्पण होना है जिसमें हजारों समाजजन सहभागिता कर रहे है, 2 जुलाई बुधवार तकरीबन सुबह 4 घंटे तक स्नात्र पूजन, वास्तु पूजन और घंटाकर्ण महावीर जी हवन के आहुतियां दी गई ओर विधि कारक किया गया.

श्री धरणीधर पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट एवं श्री संघ के अध्यक्ष पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि अमित गुणा महाराज की निश्रा में तकरीबन 10 वर्ष पहले पार्श्व कल्पतरु धाम को आकर प्रदान किया था, इस भव्य मंदिर को मकराना मार्बल से निर्मित किया गया था, जहां भगवान पार्श्वनाथ और गुरुदेव सहित देवी देवताओं की प्रतिमाएं अलग-अलग रत्न पत्थरों से निर्मित



है. अब यहीं पर भव्य 9000 वर्ग फीट में 4 मंजिला अमित आराधना भवन बनकर तैयार हो गया है. जिसका लोकार्पण 5 जुलाई को किया जाना है.

बुधवार को सुबह 6बजे ही स्नात्र पूजन, 7 बजे वास्तु पूजन और 8 बजे घंटाकर्ण महावीर जी हवन हुआ, इस नूतन भवन आराधना भवन में विधि कारक अरविंद चौरडिया ने कराई गई. इस अवसर पर प्रमुख रूप से शांति पालरेचा, सुरेश लोढ़ा, पुंडरीक पालरेचा, अर्पित मारू, दीपक सुराणा, दिलीप खिमेसरा, कपिल कोठारी, विशाल बम आदि शामिल हुए. तकरीबन 4 घंटे चले इस विधि कारक में बड़ी संख्या में समाज जन परिवार सहित भी शामिल हुआ, पूज्य साध्वी श्री अमित गुणा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा 10 श्री संघ की निश्रा रही।

**मन की शांति के लिए गुरु का सानिध्य आवश्यक**- बुधवार सुबह अमित आराधना भवन के स्नात्र पूजन और वास्तु पूजन पश्चात पूज्य श्री अमित गुणा श्री जी महाराज सा ने कहा कि अपना घर तो हर कोई बनाते हैं, मंदिर और आराधना भवन बनाने वाले सौभाग्यशाली है.

# मालवा-निमाड़ अंचल में डीएपी की कालाबाजारी

**ग्रामीण सोसइटियों पर नहीं मिल रहा है खाद**

**कृषि विभाग भी निगरानी करने में विफल**

**इंदौर. किसानों को डीएपी खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है. दूसरी ओर डीलर ,कंपनी के अधिकारियों से मिली भगत कर कालाबाजारी कर रहे हैं.**

नियमानुसार कंपनी से डीएपी आने पर उसे कृषि विभाग की सूचना के बगैर कहीं नहीं भेजा जा सकता है. गत दिनों हरदा जिले में डीलर और कंपनी की मिली भगत से भारी मात्रा में डीएपी की कालाबाजारी का मामला पकड़ा गया था, जिसमें एक ही फर्म डीलर, हैंडलर, और ट्रांसपोर्टर थी और बगैर कृषि विभाग को जानकारी दिए आसपास के सभी जिलों में डीएपी के कालाबाजारी कर रही थी.

संयुक्त किसान मोर्चा के रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव शैलेंद्र पटेल और चंदन सिंह बडवाया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पूरे मालवा निमाड़ अंचल में डीएपी की भारी कालाबाजारी की जा रही है. किसानों को महंगे दामों पर जरूरत का खाद खरीदना पड़ रहा है कृषि विभाग का भी खाद वितरण पर कोई नियंत्रण नहीं है.

किसान नेताओं ने बताया कि ग्रामीण सोसाइटी पर किसानों को खाद नहीं मिल रही है जबकि कालाबाजारी में भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध है ।यही इस बात का सबूत है कि डीलर कंपनी के अधिकारियों से मिली भगत कर खाद की भारी रूप से कालाबाजारी कर रहे हैं.

नियमानुसार कंपनी से रेलवे की रेक पर खाद उतरते ही उसको और ऑनलाइन पोर्टल पर चढ़ाया जाना चाहिए तथा इसकी जानकारी कृषि विभाग को दी जाना चाहिए. बाद में उसे कहीं भी भेजे जाने के लिए कृषि विभाग की अनुमति लिया जाना जरूरी है, लेकिन पूरे अंचल में ऐसा कहीं नहीं हो रहा है और डॉलर अपनी मन मर्जी से डीएपी का परिवहन कर रहा है तथा कालाबाजारी में बेचा जा रहा है.

### उच्च स्तरीय जांच की मांग...

किसान नेताओं ने इंदौर उज्जैन संभाग के खाद वितरण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने तथा अभी तक कितनी खाद आई है, किन-किन गोदाम में रखी गई है तथा किन-किन व्यापारियों को वितरित की गई है.

इसकी भी पूरी जांच कराए जाने की मांग की है कृषि वभाग भी खाद्य वितरण पर निगरानी रखने में असफल रहा है इसलिए जरूरी है कि हरदा की तरह इंदौर में भी छापे लगाए जाएं और खाद की कालाबाजारी रोकने कड्ड उच्च स्तरीय प्रयास किए जाएं.

# महू के ग्रामीण अंचल की सड़कों में है बड़े गड्ढे

## महू के भी कई इलाकों मे खुली जिम्मेदारों की पोल, बारिश में बहा सड़कों का मेकअप ..!

**महू. तहसील महू में ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही छावनी परिषद महू में कई इलाकों में बरसात शुरू होते ही शहर की सड़कों पर गड्ढे नजर आने लगे हैं. कई जगहों पर सड़कों की गिट्टी भी उखड़ गई है. यहां तक कि कई स्थानों पर जिम्मेदारों द्वारा हुआ मेकअप भी उतरने लगा है. बरसात का पानी गिरते ही जिम्मेदारों की भी पोल खुल रही है. कई स्थानों पर पेच वर्क करने के बाद भी उसका मेकअप उतर गया है.**

बारिश की शुरूआत के साथ ही नगर से डगर तक सड़के दम तोड़ने लगी है, सड़क से डामर चुरी गायब होकर जगह जगह गड्ढे जन्म ले रहे है, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से वह डोबरो के रूप में नजर आ रहे है. यह हाल किसी एक सड़क का नहीं, बल्कि तमाम क्षेत्रों की सड़को



का है. महू सिमरोल रोड़ पर जगह जगह डोबरे जन्म ले चुके है, यह डोबरे खासकर दो पहिया वाहन चालको के लिए खतरनाक साबित हो रहे है. इसी तरह अन्य मार्गों व क्षेत्रों की सड़के भी तेजी से गड्ढों में तब्दील हो रही है. जिम्मेदार एमपीआरडीसी और पीडब्लूडी सहित परिषद व निकाय को चाहिए की मौसम खुलते ही तत्काल प्रभाव से इन जर्जर मार्गों का दुरूस्तीकरण कार्य शुरू किया जाए, ताकि बारिश के दौरान बड़ते हादसो पर रोक लग सके.

### आए दिन हो रहे हादसे

हर दिन दोपहिया वाहन सवार फिसलकर गिर रहे हैं, कई बुजुर्ग और बच्चे गड्डों में गिरकर घायल हो चुके हैं। सबसे अधिक परेशान स्कूल जाने वाले बच्चे और ऑफिस के कर्मचारी हो रहे हैं, जिन्हें इन डोबरा सड़कों से होकर गुजरना पड़ रहा है.

### प्रशासन की खोली पोल

पहली ही फुहार ने स्थानीय कैंट प्रशासन की पोल खोल दी है . शहर की मुख्य सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक हर ओर जलभराव और गड्ढों का साम्राज्य फैल गया है . हालात ऐसे हैं कि एक बारिश के बाद ही सड़कें डोबरा ( कीचड़युक्त दलदल ) में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों की मुसीबतें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं .

# बीआरटीएस पर स्कूली बसें सहित चार पहिए वाहन चलाने की अनुमति दें

**इंदौर.** महानगर विकास परिषद ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वर्तमान में इंदौर भयावह जाम से रूबरू हो रहा है, ऐसे में चार पहिया वाहन को बीआरटीएस में वाहन चलाने की अनुमति प्रदान की जाए.

संस्था के अध्यक्ष अशोक डागा, मंत्री राजेश अग्रवाल एवं रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि संस्था ने एक पत्र महापौर को लिखकर आम आदमी की परेशानियों से रूबरू कराया है. एक्स पर टेग कर लिखे पत्र में उल्लेख किया गया है कि बीआरटीएस को सरकार ने अनुपयोगी बताकर हटाने के आदेश दे दिए हैं तथा निगम ने इसे हटाने के लिए टेंडर भी कर दिए हैं. जब तक यह काम प्रक्रिया में है तब तक बीआरटीएस पर भारी वाहन जैसे स्कूली बस, सिटी बस और कारों को चलाने की अनुमति प्रदान की जाना चाहिए. वर्तमान में बीआरटीएस के बाद बची रोड़ पर ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव है इसलिए रोज जाम की स्थिति बनती है. बीआरटीएस के उपयोग से सबको राहत मिलेगी. उन बच्चों को जिन्हें स्कूल बस में आधे घंटे ज्यादा बैठना पड़ रहा है. महापौर नवाचार के हामी हैं तथा शहर को रोज नई सौगात दे रहे हैं। यदि वे इस सुविधा की विधिवत घोषणा कर दें, तो शहरवासियों के लिए यह सौगात से कम नहीं होगी.

- **महानगर विकास परिषद का महापौर से अनुरोध**
- **शहर जाम से बचेगा, स्कूली बच्चों का समय ख़राब नहीं होगा**

# 12 घंटे में झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न

**महू.** शहर सहित अंचल में मंगलवार सुबह झमाझम बारिश का दौर शुरु हुआ। सुबह करीब 10 बजे से आसमान में बादलों का डेरा जमने लगा। करीब एक घंटे बाद तेज रफ्तार बारिश की बूंदे बरसने लगी. देखते ही देखते क्षेत्र में चारों तरफ झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया. तहसील कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह से करीब 12 घंटे के भीतर 19 मिमी बारिश दर्ज की गई. सुबह 11 बजे से करीब दो घंटे तक लगातार बरसात का दौर जारी रहा. इस दौरान शहर के लुनियापुरा, आर्य समाज मंदिर, आरफियम चौराहा, सराफा बाजार, मेन स्ट्रीट, श्याम विलास, मोती महल सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कें बारिश के पानी से लबालब भर गई. बारिश की तेज बूंदों के बीच वाहन चालकों को दिन में ही लाइट चालू कर अपने वाहन चलाना पड़े. वहीं स्कूली विद्यार्थी सहित बाजारों में खरीदी करने पहुंचे लोगों ने भी दुकानों के आसपास शेड ढूंढकर खुद को बारिश के पानी में भींगने से बचाया.

**बीते साल की तुलना में सवा इंच ज्यादा बरसात** - इस साल महू तहसील में मानसून की धमाकेदार इंट्री देखी जा रही है. तहसील कार्यालय अनुसार अब तक महू तहसील में करीब सवा पांच इंच पानी बरस चुका है. वहीं बीते साल 1 जून से 1 जुलाई तक करीब तीन इंच बरसात ही आंकी गई थी. इस सीजन में बीते साल की तुलना में करीब सवा इंच बरसात दर्ज की गई. उल्लेखनीय है कि बीते साल मानसून ने शुरुआती एक माह में महू तहसील को छोड़कर शेष अन्य तहसीलों में झमाझम आमद दर्ज कराई थी.

**दीक्षांत समारोह** ▶ भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में दीक्षारंभ कार्यक्रम में

# नव प्रवेशित विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं से कराया अवगत

**महू.** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस में कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार, एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया.

दीक्षारंभ कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ ओझा ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध समस्त सुविधाओ से अवगत कराया एवं शासन की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित एवं शासन के निर्देशानुसार गणमान्य नागरिक, विशिष्ट व्यक्तित्व के व्याख्यान के





तहत एडवोकेट निलेश पाटीदार का व्याख्यान आयोजित किया गया. कार्यक्रम के अगले चरण में मेजर डॉ कृष्णा भूरिया द्वारा एनसीसी गतिविधियों, डॉ धारा शेगांवकर द्वारा खेल गतिविधियों, डॉ. प्रवीण शर्मा ने पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति, डॉ. शिल्पी वर्मा ने एन एस एस योजना, डॉ. सुनीता साकले द्वारा गांव की बेटी योजना, डॉ. अनीता सोलंकी द्वारा प्रतिभा किरण योजना, डॉ. मदन वास्केल द्वारा मुख्यमंत्री मेधावी एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना की आवेदन प्रक्रिया, पात्रताएं एवं उपयोग में आने वाले सभी दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दी.

### करियर बनाने के लिए किया मार्गदर्शित

महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ . शैलेंद्र पिपरिया द्वारा छात्रों को उनकी शैक्षणिक योग्यता, रुचि एवं क्षमताओं के अनुसार भविष्य में अपना कैरियर बनाने के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया . ग्रंथपाल डॉ चेतना आंजना द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकालय के महत्व से अवगत कराते हुए . महाविद्यालय के पुस्तकालय का भ्रमण भी कराया गया . संचालन डॉ . शैलेंद्र पिपरिया द्वारा किया गया . महाविद्यालय में नवाचार का निर्वाह करते हुए गुरुकुल शैली पर आधारित प्राकृतिक वातावरण में अध्ययन कक्ष का भी निर्माण किया गया, इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं नव प्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे .